

WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**• नितिन नबीन की नई टीम बहुत जल्द आ रही है**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम की घोषणा अगले कुछ दिनों में होने की संभावना है। देखते रहिए।

**• क्या योगी आदित्यनाथ भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बनेंगे ?**

ऐसी खबरें हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

**• क्या जल्द ही कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल होगा?**

कांग्रेस पार्टी में एक या दो सप्ताह में बड़े संगठनात्मक फेरबदल होने की संभावना है। राज्य इकाइयों के कुछ अध्यक्षों में भी बदलाव हो सकता है।

**• क्या बांग्लादेश द्वारा तीस्ता तटरेखा को चीन की ओर मोड़ने से भारत की विदेश नीति से जुड़े हलकों में कड़ी निगरानी का माहौल बन रहा है?**

विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेश द्वारा तीस्ता नदी प्रबंधन और संबंधित अवसंरचना पर केंद्रित चीन के साथ 13 समझौता ज्ञापनों की घोषणा के बाद असंतोष का माहौल बढ़ता जा रहा है। हालांकि समझौतों का विस्तृत विवरण अभी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन घटनाक्रम पर नजर रखने वाले अधिकारी इसे एक संवेदनशील सीमावर्ती मुद्दे पर ढाका की बाहरी साझेदारियों में संभावित रूप से महत्वपूर्ण बदलाव बता रहे हैं। तीस्ता नदी लंबे समय से भारत-बांग्लादेश संबंधों में विवाद का मुद्दा रही है, और जल बंटवारे का लंबित समझौता एक दशक से अधिक समय से अटका हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, अब चिंता का विषय केवल चीनी भागीदारी ही नहीं है, बल्कि सहयोग का पैमाना और संरचना भी है, जो तकनीकी सहायता से परे जाकर व्यापक नदी बेसिन प्रबंधन तक फैली हुई प्रतीत होती है। कुछ अधिकारियों का मानना है कि इससे भारत के निकटवर्ती क्षेत्र में बीजिंग की रणनीतिक उपस्थिति धीरे-धीरे बढ़ सकती है। विदेश मंत्रालय के भीतर, ढाका के साथ संबंधों को लेकर आंतरिक परामर्श और रणनीतियों के पुनर्मूल्यांकन के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक रुख स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। विश्लेषकों का मानना है कि स्थिति अभी भी अनिश्चित है, लेकिन वे यह भी स्वीकार करते हैं कि इससे पूर्वी दक्षिण एशिया में भारत की कूटनीतिक रणनीति जटिल हो सकती है।

## प्रशासनिक

**• महेश दीक्षित खुफिया ब्यूरो के निदेशक नियुक्त**



सरकार ने वरिष्ठता क्रम का पालन किया है। एसीसी ने खुफिया ब्यूरो के विशेष निदेशक महेश दीक्षित को दो साल के कार्यकाल के लिए खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। वे आंध्र प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्हें आतंकवाद विरोधी, आंतरिक सुरक्षा और खुफिया अभियानों का विशेषज्ञ माना जाता है ।



**• क्या सौरभ गर्ग को अनुबंध विस्तार मिलेगा?**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग को कार्यकाल विस्तार मिलने की संभावना है। ओडिशा कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. गर्ग भारतीय सांख्यिकी प्रणाली में सुधार की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे हैं।

**• श्री राम मंदिर में सोने से मढ़े रामचरितमानस के दान के बदले कोई रसीद या पावती नहीं मिली; सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई।**

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के फंड में अनियमितताओं और गड़बड़ी की खबरों के बीच, मध्य प्रदेश कैडर के एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, जिन्होंने संवेदनशील पदों पर कार्य किया था, ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और लखनऊ के पुलिस आयुक्त से संपर्क कर आरोप लगाया है कि उन्हें और उनकी पत्नी द्वारा मंदिर ट्रस्ट को करोड़ों रुपये मूल्य के सोने से मढ़े पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस के दान के बदले कोई रसीद या पावती नहीं दी गई है। अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट में अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग की खबरों ने उन्हें और मंदिर के लिए दान देने वालों को बेहद निराश कर दिया है।

पत्र के अनुसार, अधिकारी द्वारा दान किए गए रामचरितमानस ग्रंथ में विशेष रूप से तैयार की गई 16 इंच × 12 इंच की तांबे की चादरों पर लेजर से श्लोक उकेरे गए हैं। इन चादरों पर 24 कैरेट शुद्ध सोने की परत चढ़ाई गई है ताकि इनकी दिव्य चमक और पवित्रता सौ वर्षों से अधिक समय तक बनी रहे। इसका वजन लगभग एक क्विंटल है।

इसकी कीमत 5 करोड़ रुपये से अधिक थी। सेवानिवृत्त अधिकारी ने श्री रामचरितमानस ग्रंथ के सत्यापन और उचित अभिलेखन की मांग की है, क्योंकि मंदिर ट्रस्ट से संबंधित गड़बड़ियों और चोरी की खबरें मीडिया में सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि रामचरितमानस ग्रंथ को पहले राम लल्ला मंदिर के गर्भगृह के ठीक बाहर प्रवेश द्वार के पास रखा गया था और वहां प्रतिदिन विधिवत पूजा की जाती थी। हालांकि, बाद में इसे सीआरपीएफ की सुरक्षा में एक भंडारगृह में स्थानांतरित कर दिया गया। पूछताछ करने पर उन्हें बताया गया कि कुछ अन्य दानदाताओं ने भी अपने दान किए गए सामानों को प्रदर्शित करने का अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप ग्रंथ को स्थानांतरित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारी ने निवेदन करते हुए कहा कि 'दानकर्ता के रूप में पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए हमारी एकमात्र इच्छा यह थी कि भगवान सीता राम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालु स्वर्ण निर्मित श्री रामचरितमानस के पवित्र ग्रंथ से भी आशीर्वाद प्राप्त करें।

उन्होंने दावा किया कि यह दान उनकी बचत के एक बड़े हिस्से से किया गया था। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष अधिकारियों से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया ताकि मंदिर के धन में हेराफेरी के आरोपों की चल रही एसआईटी जांच में उनके और उनकी पत्नी द्वारा दान किए गए श्री रामचरितमानस के पवित्र ग्रंथ की जांच, दस्तावेजीकरण, सत्यापन और उचित रिकॉर्डिंग को शामिल किया जा सके।



**• आलोक तिवारी की प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ी**

आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव आलोक तिवारी का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 26 सितंबर 2026 के बाद दो साल के लिए बढ़ा दिया गया है। वह उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**• देबजानी चक्रबर्ती की विदेश प्रतिनियुक्ति की अवधि बढ़ी**

टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में आर्थिक एवं वाणिज्य मंत्री के रूप में देबजानी चक्रबर्ती की विदेश प्रतिनियुक्ति अवधि को 28 अप्रैल, 2027 तक 8 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वह ओडिशा कैडर की 2002 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

# जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएं अधिकारी : मुख्यमंत्री योगी

- **जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं**
- **लोगों से बोले - चिंता मत करिए, सबकी समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई**



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। लोगों की शिकायतों को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी करीब 200 लोगों से मिले।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सबकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्रों को पास में खड़े अधिकारियों को हस्तगत कर समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। हृदय रोग से पीड़ित एक महिला से उन्होंने कहा कि इलाज के लिए उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने जमीन कब्जा से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित और कड़े कदम उठाए जाएं। जबरन जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## मौर्य ने बंकिम चन्द्र एवं शाहू महाराज के चित्रों पर की पुष्पांजलि



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के अमर रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति-चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

उप मुख्यमंत्री अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने अपने साहित्य और राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के माध्यम से देशभक्ति की चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की, वहीं राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज ने शिक्षा, सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया।

शाहू जी महाराज ने शिक्षा, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हुए समाज में समानता एवं सम्मान की नई चेतना का संचार किया।

उनके प्रगतिशील विचार और लोकहितकारी नीतियां आज भी एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं। इन दोनों महापुरुषों का प्रेरणादायी जीवन और राष्ट्रहित के प्रति उनका अमूल्य योगदान सदैव हमें राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन-पूजन



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को विंध्याचल धाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के दरबार में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री सुबह लखनऊ से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर करीब 10:50 बजे मीरजापुर पहुंचे। यहां से वह सीधे विंध्याचल धाम पहुंचे, जहां मंदिर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री मुजेहरा स्थित डॉ. टमटम मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, 20 से अधिक घायल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया : फिरोजाबाद :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर फिरोजाबाद जिले के थाना नगला खंगर क्षेत्र में शुक्रवार को गोरखपुर से चंडीगढ़ जा रही एक स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा शुक्रवार की तड़के सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र की सीमा में किलोमीटर संख्या 63 के समीप हुआ। यहां एक स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। ट्रक लोहे की रॉड लेकर कानपुर से जयपुर जा रहा था। बस में लगभग 55 सवारियां थी। हादसा होते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। गाड़ी में सवार यात्रियों ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके



पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ यूपीडा की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस व यूपीडा की टीम ने तत्काल बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। जिनमें करीब 20 से ज्यादा यात्री घायल थे। पुलिस ने तत्काल सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल और कुछ गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया। सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान चालक सहित दो लोगों की मौत हो गय। बस गोरखपुर से चंडीगढ़ जा रही थी। मृतकों की पहचान पंजाब निवासी बस चालक गुरी व केविन में बैठे यात्री दलजीत के रूप में हुई है। हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना और ओवर स्पीड माना जा रहा है। हालांकि पुलिस घटना की जांच के साथ ही मृतकों व घायलों की पहचान कर रही है। सीओ सिरसागंज चंचल त्यागी ने बताया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। हादसे में बस चालक सहित 2 लोगों की मौत हुई है। कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पटना-कोटा एक्सप्रेस को सिटी स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया रवाना

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,जौनपुरः** जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने नवस्वीकृत ठहराव के बाद पटना-कोटा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रेन के जौनपुर सिटी स्टेशन पर ठहराव से जिले और आसपास के हजारों यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। छात्रों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों को अब पटना और कोटा के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।



कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई जब सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के प्रतिनिधि मनोज मौर्य ने आरोप लगाया कि उन्हें मंच पर उचित सम्मान और संबोधन का अवसर नहीं दिया गया। इसको लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। मौके पर मौजूद एडीआरएम गरिमा सिंह ने हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया।

राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने ट्रेन के ठहराव का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यात्रियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने जौनपुर से मुंबई के लिए माता शीतला एक्सप्रेस के संचालन की मांग रेल मंत्री के समक्ष उठाने की बात भी कही। ट्रेन रवाना होने के दौरान भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने समर्थन में नारे लगाए। इस बीच एक भाजपा कार्यकर्ता ट्रेन पर चढ़कर भगवा झंडा लहराने लगा, जिसके बाद जीआरपी और रेलवे पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति नियंत्रित की।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि ट्रेन के ठहराव का श्रेय सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को नहीं दिया गया और इस मामले में रेलवे मंत्री व अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## आपका राशिफल 27 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक 3 6 8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## कानपुर में अग्नि सुरक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण अभियान शुरू



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,कानपुरः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज में हुए अग्निकांड के बाद कानपुर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट ने शुक्रवार से तीन दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान शुरू किया। पहले दिन शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालकों को आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्निशमन विशेषज्ञों ने फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग, भवनों में सुरक्षा मानकों का पालन, आपातकालीन निकासी (इवैक्यूएशन) और विद्यार्थियों की सुरक्षित निकासी के तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके प्रशिक्षण के दौरान संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, उनके नियमित रखरखाव और कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि समय रहते जागरूकता और तैयारी से बड़े हादसों के दौरान जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर संकल्प शर्मा ने बताया कि लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह तीन दिवसीय अभियान शुरू किया गया है।

## सांसद बिंद ने छात्रावास का किया भूमि पूजन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,प्रतापपुरः** सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद ने शुक्रवार को विकास खण्ड प्रतापपुर के ग्राम सभा करुयाडीह में कक्षा 9 से 12वीं तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए नवीन छात्रावास के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास के बनने से छात्राओं के शिक्षण में सुविधा होगी और वह आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार कर सकेगी। इसके पूर्व बीएसए अनिल कुमार ने सांसद विनोद कुमार बिंद को बुके देकर स्वागत किया। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि जिले में कुल 20 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हैं, जिसमें से 11 उच्चीकृत हो चुके हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम,रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 1819/न.पा.नि./राजस्व/2026-27 रीवा, दिनांक 25/06/2026

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना आवासीय योजना हेडगेवार नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03 क्षेत्रफल 143.82 वर्गमीटर श्रीमती मीना बंसल पति स्व. श्री अरुण बंसल निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्रीमती रश्मि बाधवानी पति श्री कमलेश बाधवानी एवं श्रीमती माही बाधवानी पति श्री अमित बाधवानी निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 04.06.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदिका श्रीमती मीना बंसल पति स्व. श्री अरुण बंसल निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03, का नामान्तरण श्रीमती रश्मि बाधवानी पति श्री कमलेश बाधवानी एवं श्रीमती माही बाधवानी पति श्री अमित बाधवानी निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

AG